Mr. Anupam Tiwari
13/7/21

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

महत्वपूर्ण / ई–मेल

सेवा में,

प्रधानाचार्य,
परिषद से सम्बद्ध राजकीय /
अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रॉक: प्राशिप / अनु0–4 / प्रयो0परी0 / जुलाई–2021 / 1946 लखनऊ: दिनाँक - 12/07/2021

विषय: सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा, जुलाई–2021 की प्रयोगात्मक परीक्षा के सम्बंध में।

महोदय,

कृपया उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा, अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या 1040 / 16–1099 / 270 / 2020 दिनांक 14 जून, 2021 द्वारा जारी दिशा–निर्देश के कम में परिषद की आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा, जुलाई–2021 की परीक्षा ऑनलाईन पद्धति से समयान्तर्गत सम्पन्न करायी जानी है।

उपरोक्त के दृष्टिगत सूच्य है कि परिषद की परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 11.07.2021 में लिये गये निर्णय के कम में सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा, जुलाई–2021 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र / छात्राओं की प्रयोगात्मक पाठ्यचर्या दिनांक 20.07.2021 तक पूर्ण कराया जाये जिसके फलस्वरूप दिनांक 21.07.2021 से दिनांक 30.07.2021 के मध्य प्रयोगात्मक परीक्षा ऑनलाईन सम्पन्न कराये जाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

अवगत कराना है कि राजकीय एवं सहायता प्राप्त संस्थाएं अपने स्तर से ऑनलाईन माध्यम से आंतरिक प्रयोगात्मक परीक्षा एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं जनपद के नोडल अधिकारी के माध्यम से प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न करायेंगी और छात्र / छात्रों के प्रयोगात्मक अंकों की प्रविष्टि संस्था लॉगिन के माध्यम से की जायेगी।

कार्यालय प्रधानाचार्य राजकीय पालीटेक्निक, अयोध्या

पत्रांक 276 – 78 / सम से० परी० / जुलाई – प्रयो० / दिनांक :- 14/07/2021

प्रतिलिपि :- 1- समस्त विभागाध्यक्ष / विभाग / कार्यशाला अधीक्षक / प्रकारी को इस आशय से कि उपरोक्तानुसार प्रयोगात्मक पाठ्यचर्या एवं परीक्षा की कार्यवाही सम्पन्न करवाना सुनिश्चित करें।

2- समस्त कक्षा अध्यापक को इस आशय से कि अपने विभाग के विभागाध्यक्ष / विभाग प्रकारी / कार्यशाला अधीक्षक के निर्देशानुसार प्रयोगात्मक परीक्षा / पाठ्यचर्या सम्बन्धी कार्यवाही समान्तर्गत करना सुनिश्चित करें।

3- सूचना पट्ट संस्थागत / वेबसाइट संस्थागत।

प्रधानाचार्य
राजकीय पालीटेक्निक
अयोध्या

Scanned with CamScanner